प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 15.03.2025
समय : 09:00 ए.एम.

- खान मंत्रालय ने देश में खनन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अन्वेषण लाइसेंस की पहली नीलामी शुरू की।
- जयपुर में आज से शक्ति वंदन महोत्सव–तीन दिन का यह आयोजन महिलाओं को समर्पित होगा।
- विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस आज सतत जीवनशैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन थीम पर मनाया जा रहा है।
- प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की बरसात–हनुमानगढ में तेज बारिश के साथ ओले गिरे।

खान मंत्रालय ने देश में खनन क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अन्वेषण लाइसेंस की पहली नीलामी शुरू की है। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पहल गोवा सरकार के साथ की गई है। यह नीलामी 13 अन्वेषण लाइसेंस ब्लॉकों पर केंद्रित होगी। इसमें दुर्लभ तत्व–जस्ता, तांबा और हीरा शामिल होंगे। इस पारदर्शी ऑनलाइन बोली प्रक्रिया का उद्देश्य व्यवस्थित अन्वेषण में तेजी लाना और खनिज आयात पर भारत की निर्भरता को कम करना है।

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सात मार्च को समाप्त हुये सप्ताह के दौरान 15 अरब 26 करोड डॉलर की बढोतरी हुई है और यह 6 खरब 53 अरब 96 करोड़ डॉलर हो गया है। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, भंडार की प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 13 अरब 93 करोड़ डॉलर से अधिक बढ़कर 5 खरब 57 अरब 28 करोड डॉलर से अधिक हो गई है। पिछले सप्ताह स्वर्ण भंडार भी एक अरब डॉलर बढ़कर 74 अरब 32 करोड़ डॉलर से अधिक हो गया।

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से शक्ति वंदन महोत्सव की शुरूआत हो रही है। नगर निगम ग्रेटर की ओर से तीन दिन का यह कार्यक्रम महिलाओं को समर्पित होगा। सशक्त नारी, समृद्ध समाज थीम पर यह आयोजन किया जा रहा है।

प्रदेशभर में कल धुलंडी पर्व की धूम रही। इस मौके पर कई कार्यक्रम भी रखे गए। पुष्कर में पावन पर्व पर होली महोत्सव का आयोजन हुआ। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में बडी संख्या में स्थानीय निवासियों और पर्यटकों ने हिस्सा लिया। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत भी मेला मैदान में हुए कार्यक्रम में मौजूद रहे। उन्होंने पुष्कर में होली स्नेहमिलन कार्यक्रम में भी भाग लिया। पाली में धुलंडी के मौके पर गांव शाही गैर निकाली गई। हनुमानगढ के गोविंद धाम गौशाला में स्नेहमिलन कार्यक्रम में फूलो की होली खेली गई। उधर बांसवाडा के नोगामा गांव में धुलंडी के पर्व पर गढ़भेदन कार्यक्रम रखा गया । इसमें बडी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। वहीं घाटोल कस्बे में खेली जाने वाली लकडियो की होली की परम्परा पूरी की गई। इस खेल में कुछ लोगो को चोट भी आई। वहीं डूंगरपुर के भीलूडा गांव में पत्थरों की होली खेली गई। इस दौरान 42 लोग घायल हो गए।

पुलिसकर्मी आज होली मना रहे हैं। होली के उपलक्ष्य में प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा मुस्तेदी से संभालने के बाद पुलिस थानों और चौकियों में धुलंडी का पर्व आज मनाया जा रहा है। सवाईमाधोपुर और हनुमानगढ़ में पुलिस चौकियों और थानों पर गीत संगीत की धुनों के साथ एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली मनाई जा रही है।

होली पर्व के बाद से प्रदेशभर में गणगौर पूजन का सिलसिला शुरू हो गया है। महिलाएं और बालिकाएं मंगल गीत गाते हुए ईसर और गणगौर की पूजा कर रही हैं। इसके साथ ही सुख सौभाग्य की कामना करती हैं। 16 दिन के पूजन के बाद लोकपर्व गणगौर मनाया जाता है।

भीलवाडा जिले के शाहपुरा में आज से फूलडोल महोत्सव का आगाज हुआ। रामस्नेही संप्रदाय की ओर से ये आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश–विदेश से श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक फूलडोल उत्सव पांच दिन चलेगा।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने होली के कारण आज हिंदी की बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं हो पाने वाले बारहवीं के छात्रों को विशेष परीक्षा की अनुमति दी है। नियमित परीक्षाओं के बाद आयोजित की जाने वाली यह विशेष परीक्षा आमतौर पर खेल छात्रों के लिए होती है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि देश के अधिकांश हिस्सों में होली का त्यौहार चौदह मार्च को मनाया गया। लेकिन कुछ स्थानों पर यह उत्सव आज पंद्रह मार्च को मनाया जाएगा। उन्होंने कहा परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगी। जिन छात्रों को आज परीक्षा देने में परेशानी हो रही है। वे बाद की तिथि में परीक्षा देने का विकल्प चुन सकते हैं।

आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस है। यह दिन हर साल 15 मार्च को उपभोक्ता अधिकारों और उनकी सुरक्षा बनाए रखने के लिए मनाया जाता है। यह सभी उपभोक्ताओं के मूल अधिकारों को बढ़ावा देने और संरक्षित करने का भी अवसर है। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 2025 –सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन थीम पर मनाया जा रहा हैं। इस मौके पर प्रदेश में कई कार्यक्रम रखे गये है। पाली से हमारे संवाददाता ने बताया कि आज से उपभोक्ता जागृति सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियां होंगी।

राज्य में बीते 24 घंटों में जैसलमेर, झुंझुनूं सहित कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई। दौसा में कल शाम रिमझिम बारिश का दौर चला। चूरू में तेज रफ्तार हवाओं और गरज के साथ बारिश हुई। वहीं पाली जिले के कई इलाकों में बादलो की आवाजाही से मौसम खुशनुमा बना रहा। उधर हनुमानगढ़ में कल शाम तेज बारिश हुई और ओले भी गिरे। हमारी संवाददाता ने बताया कि बारिश के बाद कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई।

राज्य में कई स्थानों पर कल गर्मी का असर रहा। चित्तौडगढ में अधिकतम तापमान 38 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड हुआ। बाडमेर, जालौर, करौली सहित कई अन्य स्थानों पर पारा 37 डिग्री सैल्सियस के पार रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री सैल्सियस गिरावट होने की संभावना है। वहीं कल जयपुर और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश के आसार है।